कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी भरतपुर

क्रमांक / सामान्य / 18 / 1105 दिनाक:-20-02-18

श्रीमान संयुक्त निदेशक
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐ
भरतपुर जोन भरतपुर

विषय - मृतक सरितादेवी पत्नि स्व0 रमाकान्त के सम्बन्ध मे तथ्यात्मक रिपोर्ट भिजवाने बाबत ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महिला सरितादेवी पत्नि रमाकान्त उम्र 40 वर्ष कल दिनांक 19-2-18 को एआरटी सेन्टर पर अपनी नियमित दवाईया लेने आरबीएम चिकित्सालय आयी थी उक्त महिला बिहार की रहने वाली थी।उक्त महिला रिक्शा में आई थी जो कि ट्रोमासेन्टर पर नही आयी थी वह सीधे एआरटी सेन्टर में दवा लेने जा रही थी लेकिन मैडिकल आउटडोर के सामने गुजरते वक्त उसकी तबीयत अचानक खराब हो गयी व गंभीर हो गई जिसे तुरन्त मैडिकल आउटडोर की पेशन्ट ट्रोली पर लेकर डा0 सुभाष बैंसल, वरिष्ठ फिजिशियन को परीक्षण कराया तो उक्त महिला मृत पायी ।डा0 बंसल ने मृत महिला को मुर्दाघर में रखने के लिए कहा तो उसकी बेटी ने बिलकुल मना कर दिया औरकहा कि हम तो घर ही ले जावेगें।तब तक उक्त महिला को ट्रोमा मे रखवा दिया गया ।मृतक का पुत्र दोपहर बाद 3.30बजे करीब आया तो वह बोला कि हम बिहार ले जावेगे, हमारे परिजनो के आने पर ही ले जावेगे अभी हमारे पास इतना पैसा भी नही है।ऐसी स्थिति में पुलिस को सूचना उपरान्त चौकी पुलिस के व्दारा मृतक को मुर्दाघर में शिफ्ट करवा दिया ।इसके बाद डाक्टर्स व स्टाफ ने पैसे इकट्ठे करके रात 9.00 पीएम पर उसे बिहार के लिए भिजवाया ।

अतः सूचनार्थ सेवा में प्रेषित है ।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
भरतपुर

क्रमांक / सामान्य / 18 / दिनाक.- -02-18

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित है-

1- श्रीमान निदेशक (जन स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐ,राज0जयपुर
2- श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, भरतपुर
3- श्रीमान अति0 निदेशक (ग्रामीण स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐ,राज0जयपुर

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
भरतपुर